# जागरुकता और सतर्कता से ही रोका जा सकता एड्स को

## जागरुकता रैली निकालकर फैली भ्रांतियों के प्रति किया जागरूक

**मंडला, देशबन्धु।** एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंडला द्वारा एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण करती हुई श्रमिक शेड नगर पालिका के सामने संपन्न हुई। इस दौरान आमजन को एचआईवी, एड्स की रोकथाम, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक किया गया। रैली में जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं और नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर एचआईवी, एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए। 'एचआईवी की जानकारी, बचाव की तैयारी्य जैसे नारों ने पूरे वातावरण को जागरूकता से भर दिया।




कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों को विशेष रूप से एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि यह बीमारी केवल जागरूकता और सतर्कता से ही रोकी जा सकती है। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक दल ने बताया कि नियमित जांच, सुरक्षित संबंध और सही उपचार से एचआईवी, एड्स को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस आयोजन ने शहरवासियों को इस गंभीर विषय पर जागरूक करने का एक सकारात्मक प्रयास किया और समाज में एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

### एड्स से बचाव के लिए निकाली रैली

नारायणगंज के सीएम राइस स्कूल टिकरिया में जागृति युवा मंच मंडला द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी नारायणगंज स्टाफ के साथ एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र और शिक्षक मौजूद रहे। एड्स दिवस के अवसर पर एक सप्ताह तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से एड्स के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जानकारी अनुसार युवा जागृति मंच के राम नारायण झारिया और सामुदायिक स्वास्थ्य नारायणगंज से लैब टेक्नीशियन कैलाश सोनी द्वारा एड्स से संबंधित जानकारी को विस्तार से बताया गया।

# अंजनिया पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा रखे व्यक्ति को पकड़ा

**अंजनिया, देशबन्धु।** वरिष्ट अधिकारियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ में संलिप्त व्यक्तियों को पकडकर उचित कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त है जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक मण्डला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मण्डला, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग नैनपुर, के आदेशानुसार अंजनिया पुलिस स्टाफ द्वारा दिनाँक 29/11/2024 को ग्राम अंजनिया नेशनल हाईवे 30 महिष्मति ढाबा के पास मांद-अहमदपुर चौराहे में वाहनो की चैकिंग व मोटर व्हीकल एक्ट की चालानी कार्यवाही की जा रही थी उसी दौरान ग्राम अहमदपुर-वंजी की ओर से एक व्यक्ति अंजनिया की ओर पैदल-पैदल हाथ में थैला लिये आता दिखा पुलिस को देखकर थैला छुपाने का प्रयास किया। उक्त व्यक्ति को समक्ष गवाहान चैक करने पर थैला में मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसका तौल कराने पर 01 किलो 473 ग्राम गांजा कीमती 15000/-रू. पाया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम खेमराज भांवरे पिता राजकुमार भांवरे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करियागांव चौंकी अंजनिया थाना बम्हनी का होना बताया। आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कब्जे में रखा पाये जाने पर समक्ष गवाहान जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाना है। आरोपी के विरूद्ध नपराध क्रमांक-564/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है।

## सार-समाचार




### जिला अस्पताल मंडला में एड्स जागरुकता रैली का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश ध् अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडला श्रीमान एस के जोशी एवं श्री प्रवीन कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश ध् सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडला के मार्गदर्शन में दिनांक 01 दिसंबर, 2024 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल मंडला में एड्स डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों को विस्तृत रूप से बीमारी के बारे में अवगत कराया गया एवं किस प्रकार यह बीमारी हमारी अन्य बीमारियों से लड़ने की क्षमता को कम करता है इस बारे में अवगत कराया गया साथ ही किस प्रकार से हम इस बीमारी से बच सकते हैं उसकी जानकारी गई साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित पैरा लीगल वोलेंटियर द्वारा एड्स पीड़ितों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी गई व योजनाओं के पेम्प्लेट्स वितरित किए गए ।

### स्वास्थ्य जांच के साथ मिल रही निःशुल्क दवाइयां



**मंडला, देशबन्धु।** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम देवरी और पदमी में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने शनिवार को आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ग्राम देवरी शिविर का शुभारंभ सीएचसी प्रभारी डॉ. अमृत लाल कोल की उपस्थिति में नारायणगंज ग्राम देवरी सरपंच श्रीमति संध्या मार्को द्वारा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी समेत पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

जानकारी अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मंडला द्वारा चलाए जा रहे आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही आमजनों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। ग्राम स्तर पर लोग इस शिविर का लाभ ले रहे है। सभी प्रकार की जांच की जा रही है, वहीं निःशुल्क दवाईयां शिविर में दी जा रही है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया जा रहा है। आरोग्यम मंडला अभियान के तहत नारायणगंज के ग्राम देवरी और पदमी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

मानेगांव शिविर में नारायणगंज सीएचसी प्रभारी सीबीएमओ डॉ एएल कोल, डॉ. राजेश अहिरवार, डॉ. प्रगति, डीसीएम हिमांशु सिंगौर, आयुष चिकित्सक डॉ. जयंती बट्टी, नेत्र चिकित्सा सहायक जय करन चौधरी, एसटीएस देवेन्द्र साहू, देवरी कैम्प प्रभारी सीएचओ शाहिद हुसैन, पदमी कैम्प प्रभारी सीएचओ सविता पूषाम, आयुष विभाग से डॉ. प्रत्युश हरमीट समेत स्टाफ सीएचओ कोशिका भूरा, पूजा श्रीवास, मोनिका सिंह उइके, रूकमणी मरावी, रंजीता पटेल, गायत्री बिसेन, चंदिका जंघेला, एएनएम योगिता नागवंशी, रामप्यारी उइके, राजकुमारी आर्मो, नीलम ठाकुर, महेश्वरी कुर्वेती, सुपरवाईजर नरेन्द्र बैरागी, जगदीश उइके, एमपीडब्ल्यू सुखलाल मरावी, मदन लाल परते, सपोर्ट स्टॉफ समेत ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### खुला पड़ा ट्रांसफॉर्मर खतरे को दे रहा आमंत्रण

**मंडला, देशबन्धु।** बस स्टेण्ड स्थित ट्रांसफार्मर खुला पडा है जो लोगों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। विद्युत विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। लोगों ने अपेक्षा की है कि षीघ्र ही ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य कराया जाये।



# दा आर्किड फन स्कूल में मिनी मैराथन का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** दा आर्किड फन स्कूल में रविवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी और एसडीएम सोनल सिडाम ने हरि झंडी दिखा कर मिनी मैराथन से किया। यह मैराथन आर्किड फन स्कूल से शुरू होकर नेहरू स्मारक होते हुए पुलिस लाइन गाउंड में संपन्न हुई। मिनी मैराथन का मुख्य उद्देश्य रन टू इंस्पायर, कीप अवर नर्मदा क्लीन रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल मिश्रा, अनुराग बिट्टू चौरसिया, डॉ संजय तिवारी, डॉ उपेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यक्रम में रंजीत कछवाहा, पंतजली योगा समीति, समर मूवी के स्टार कास्ट, आर्किड के छात्र छात्राओं और अभिवावकों समेत वरिष्ठ समाजसेवियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में द आर्किड के शिक्षक मेघा मिश्रा, सारिका रघुवंशी, कीर्ती दुवे, सदफ अंजुम सहित समस्त स्कूल स्टाफ की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अन्त में मंडला की जीवनधारा माँ नर्मदा को स्वच्छ व निर्मल रखने का संदेश देते हुये आर्किड के डायरेक्टर सौरभ तिवारी और प्राधानाचार्य आकांक्षा तिवारी द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेघा मिश्रा और आभार प्रदर्शन डायरेक्टर सौरभ तिवारी ने किया।

# एक दिवसीय एड्स जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता, डॉ. प्रताप सिंह जाट चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भुआ बिछिया के मुख्य आतिथ्य, कमल किशोर आर्मो सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रभारी रेड रिबन क्लब के नेतृत्व में अधिकारों की राह अपनाएं- मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम पर एक दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं रेड रिबन बैच लगाकर स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ. प्रताप सिंह जाट चिकित्सा अधिकारी के द्वारा एड्स रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की, कमल किशोर आर्मो ने एड्स रोग के लक्षण एवं रोकथाम पर जानकारी प्रदान की।

तत्पश्चात डॉ. भावना बावरा सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) ने एड्स रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव पर बिंदुवार विस्तार से जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि एड्स रोग को जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है अतः अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित की कार्यक्रम में प्रभारी रेड रिबन के द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी ,कर्मचारियों ,छात्र छात्राओं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में मंच का संचालन स्वयंसेवक दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. राखी वंशकार, रोहणी कुमार कोस्टा , अनिल कुमार परते , ओम प्रकाश झरिया, सौरभ सोनी, डॉ. संजय सिंह बागरी, डॉ. अशोक बघेल, पी.एल. मांडवे, एम. पी ध्रुवे, चैन सिंह मरावी, गणेश मरावी, सुमरत भारतिया, मयंक यादव, रवि राय एवं स्वयंसेवक ,छात्र छात्राऐं उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री की उम्मीद पर पानी फेर रहा सरकारी तंत्र

**मंडला, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना हर घर जल जल जीवन मिशन मध्य प्रदेश की मंडला जिले में सफल नहीं हो पा रही है यहां पर भ्रष्टाचारियों ने इस योजना को ही निगल दिया है जबरदस्त फर्जी काम किया जा रहा है।

फर्जी जानकारी शासन प्रशासन को प्रेषित की जा रही है और भारी गोलमाल किया जा रहा है आवंटित धन की होली खेली जा रही है इसके बावजूद भी शासन प्रशासन आंख पर पट्टी बांधकर बैठा हुआ है इस आशय की खबर लगातार प्रकाशित की जा रही है लेकिन किसी के कानों में सुनाई तक नहीं दे रहा है मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर का बताया जा रहा है तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में जल जीवन मिशन की दुर्गति करके रख दी गई है यहां पर सही तरीके से पाइपलाइन नहीं बिछाया गया है जिसकी वजह से गांव के सभी क्षेत्रों में खासकर वार्ड नंबर 3 में पानी की सप्लाई सही नहीं हो रही है पूरे ग्राम में जहां देखो वहां सभी घरों में नल कनेक्शन नहीं किए गए हैं अभी भी पूरा काम शेष बचा हुआ है।

जिससे पूरा करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है यहां पर प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन नहीं किया गया है और नल कनेक्शन करने की जानकारी शासन प्रशासन को दे दी गई है इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई है लेकिन सही जानकारी प्रेषित नहीं की जा रही है जिसकी वजह से यहां पर जल जीवन मिशन में मनमानी और लापरवाही बंद नहीं हो पा रही है परसवाड़ा में प्रत्येक घरों में किए गए नल कनेक्शन का भौतिक सत्यापन नहीं किया जा रहा है नागरिकों की मांग है कि भौतिक सत्यापन किया जाए तो पता लग जाएगा कि कहां-कहां नल कनेक्शन किए गए हैं और कहां नहीं किए गए हैं यहां पर कौन-कौन सी गड़बड़ी की गई है शासन प्रशासन के अधिकारी यहां पर जांच नहीं कर रहे हैं लगातार जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद भी शासन प्रशासन का रवैया भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने जैसा लग रहा है।

लोग कह रहे हैं कि जल जीवन मिशन मंडला जिले में भ्रष्ट के जेब में कैद हो गया है इसलिए हर घर जल की कल्पना यहां पर सकार नहीं हो पा रही है। इस संबंध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायत होने वाली है यदि तत्काल यहां पर सुधार नहीं किया गया प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन नहीं दिए गए तो उच्च स्तर पर शिकायत की जाएगी ऐसी संभावना जताई जा रही है जन अपेक्षा है सरकार यहां पर तत्काल ध्यान दें और संपूर्ण मंडला जिले में जल जीवन मिशन का सही क्रियान्वयन किया जावे।

# शिविर में हुए 48 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला के विकासखंड नारायणगंज में महिला नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर फिक्स-डे के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें इस शनिवार को चयनित महिलाओं को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। आयोजित नसबंदी शिविर में चयनित महिलाओं का शासन की गाइड लाईन अनुसार निश्चित लक्ष्य के अनुरूप दो शिफ्ट में नसबंदी ऑपरेशन किया गया।

जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित नसबंदी शिविर में 53 महिलाओं ने नसबंदी कराने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें पांच महिलाओं को जांच परीक्षण के बाद रिजेक्ट कर दिया गया। जिसके बाद 48 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। सीएचसी प्रभारी सीबीएमओ डाक्टर एएल कोल ने बताया कि ऑपरेशन के लिए चयनित 48 महिलाओं में से शासन की गाईड लाईन अनुसार 25 महिलाओं का पहले शिफ्ट में नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इसके बाद दूसरे शिफ्ट में 23 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन किया गया। बताया गया कि नसबंदी कराने आई महिलायें ऑपरेशन के लिये अपनी बारी का इंतजार करती नजर आई। शिविर में आई महिलाओं की नसबंदी ऑपरेशन के बाद निःशुल्क दवाएं देकर डिस्चार्ज किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में दूरबीन पद्धति से महिला नसबंदी शिविर के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को तैनात किया गया था। जिससे शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। शिविर के सफल संचालन के लिए शिविर प्रभारी सीबीएमओ डॉ. एएल कोल के निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ को जिम्मेदारी सौंपी गई। बीएमओ डॉ. एएल कोल ने बताया कि शिविर में जबलपुर से आए एलटीटी सर्जन डॉ. गौरव जेटली ने ऑपरेशन किया।

# दिनोंदिन बढ़ रही जनसमस्याएं, उदासीन नेता और नौकरशाह

## गंदगी, बीमारी, धांधली, निरक्षरता, बेरोजगारी चरम पर

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल मंडला जिले में ढेर सारी समस्याओं की वजह से नागरिक भारी परेशान हो चुके हैं लगातार इस आशय की खबर भी प्रकाशित की जा रही है इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश के मंडला जिले में ध्यान नहीं दिया जा रहा है जन समस्याओं के निराकरण के लिए सभी कार्यक्रम व अभियान यहां पर दफन हो रहे हैं इन कार्यक्रमों के अंतर्गत समस्याओं का सही निराकरण नहीं हो रहा है जनसुनवाई कार्यक्रम तो मात्र औपचारिक हो गया है।

इसी तरह से सीएम हेल्पलाइन की हालत हो गई है समस्याओं का निराकरण गोलमाल तरीके से किया जा रहा है सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को मांग में बदलकर बंद कराया जा रहा है गलत जवाब भेज कर भी शिकायत को बंद करने की कोशिश की जा रही है मंडला जिले में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है शिक्षा की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है स्वास्थ्य व्यवस्था ज्यादा खराब हो गई है उद्योग पर्यटन उद्यान की कृषि यातायात के बेहद बुरे हाल हैं गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम संचालित करने वाले स्व सहायता समूह को मध्यान भोजन की राशि समय पर प्रदान नहीं की जा रही है अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है।

खनिज संपदा की लूट मची हुई है अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर चल रहे हैं सरकारी भवनों की हालत खस्ता हो गई है सभी सरकारी भवनों व कार्यालय की मरम्मत व रंग रोगन का कार्य नहीं कराया जा रहा है प्राइवेट व सरकारी स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है पटवारी और एएनएम महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं जल जीवन मिशन की दुर्गति करके रख दी गई है भारी भ्रष्टाचार जल जीवन मिशन अंतर्गत मंडला जिले में किया जा रहा है।

प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन का कार्य नहीं किया जा रहा है मामला ग्राम परसवाड़ा का इस संबंध में बताया जा रहा है यहां पर सही तरीके से जांच पड़ताल नहीं की जा रही है इसी तरह संपूर्ण मंडला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भी भारी बाढ़ गड़बड़ी की जा रही है मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा का बताया जा रहा है यहां पर इस संबंध में शिकायत भी की गई थी कलेक्टर की जांच के आदेश के बाद भी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

इस तरह का फर्जीवाड़ा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संपूर्ण मंडला जिले में किया जा रहा है प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि सभी किसानों को ही इस जिले में नहीं मिल पा रही है संबंधित विभाग की लापरवाही की वजह से किसान योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं मामला मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा का बताया जा रहा है यहां पर किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि नहीं मिल पा रही है इस तरह की तमाम तरह की समस्याएं मंडला जिले में मौजूद हैं समस्याओं के निराकरण के लिए शासन प्रशासन का कब परिणाम कार्य प्रयास करेगा नागरिक जानना चाह रहे हैं।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**मंडला, देशबन्धु।** नारायणगंज ब्लाक के ग्राम शाहा और पोतला मार्ग में एक तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक लापरवाही पूर्वक बाईक चलाते हुए एक अन्य बाईक सवार को कट मारते हुए निकला। जिसके कारण बाईक सवार अनियंत्रित हो गया और बाजू से गुजर रहे साईकिल सवार युवक के साथ टक्कर हो गई। हादसे में साईकिल सवार युवक घायल हो गया। हादसे में साईकिल सवार युवक के चेहरे, हाथ पैर और सिर में काफी चोटें आई। जिसे बाईक सवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए ले गया।

बताया गया कि ग्राम शाहा निवासी अनिल मरावी पिता मनीराम मरावी 16 वर्ष शाहा से ग्राम पोतला की तरफ अपनी साईकिल से जा रहा था। इसी दौरान एक बाईक सवार भी उसी तरफ जा रहा था, लेकिन एक अन्य बाईक सवार जो तेज रफ्तार में वहां से गुजरा, जिसके कारण दूसरा बाईक सवार अनियंत्रित हो गया। जिसके कारण साईकिल से जा रहे युवक के साथ टक्कर हो गई। गनीमत रही कि दूसरा बाईक सवार की रफ्तार तेज नहीं थी, जिसके कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका। बाईक सवार ने मानवता दिखाते हुए साईकिल सवार युवक को उपचार के लिए अपने साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लेकर आया। जहां युवक का उपचार कराया गया।